रिवीजन टेस्ट पेपर 2020–21
कक्षा–11वीं
विषय–इतिहास

पूर्णांक –80

निर्देश:–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं। (4 × 5 = 20)
3. प्रश्न क्रमांक 5 से 21 तक में आन्तरिक विकल्प दिए गये हैं।।
4. प्रश्न क्रमांक 5 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक हैं, एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना हैं। (4 × 2 = 8)
5. प्रश्न क्रमांक 9 से 12 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक हैं, एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना हैं। (4 × 3 = 12)
6. प्रश्न क्रमांक 13 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक हैं, एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना हैं। (5 × 4 = 20)
7. प्रश्न क्रमांक 18 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक हैं एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों मे लिखना हैं। (4 × 5 = 20)

प्रश्न.1. सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) मेसोपोटामिया की सभ्यता किस नदी के किनारे विकसित हुई थी ?

(अ) नील नदी (ब) सिन्धु नदी
(स) दजला–फरात नदी (द) अमेजन नदी

(ii) लेखन कला का अविष्कार सर्वप्रथम किया–

(अ) मेसोपोटामियन ने (ब) यूनानियों ने
(स) रोमन ने (द) इनमे से कोई नही

(iii) रोमन साम्राज्य का प्रमुख धर्म था–

(अ) बौद्व (ब) जैंन
(स) इस्लाम (द) यहूदी

(iv) पैगम्बर मुहम्मद को मक्का छोड़ना पड़ा, इतिहास में इस घटना को कहा जाता है–

(अ) ईसा (ब) शक
(स) हिजरी (द) संवत्

(iv) कोलम्वस अमेंरिका पहुँचा–

(अ) 1492 (ब) 1497
(स) 1450 (द) 1473

प्रश्न.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) प्रथम खलीफा——————थे।

(ii) सर्फ—————————को कहा जाता था।

(iii) रोंम में सिक्कों को ——————कहा जाता है।

(iv) मोंनालिसा नामक चित्र के चित्रकार——————थे।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

प्रश्न.3. सही जोड़ी बनाइये–

क्र.	(अ)	(ब)
1.	सामंतों का निवास स्थान	1. सीनेट
2.	रोम	2. पेरू
3.	इंका सभ्यता	3. मैनर
4.	औद्योगिक क्रांति	4. कपड़ा निर्माण
5.	टेलीफोन की खोज	5. ग्राहम वेल

प्रश्न.4. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए–

(i) सामंतवादी व्यवस्था में नाईट कौन थे ?

(ii) अल्टामीरा गुफा की खोज कब और किसनें की ?

(iii) प्रिंसपेट क्या था इसकी स्थापना किसने की ?

(iv) ऋतु प्रवास का क्या तात्पर्य है ?

(v) हिब्रू अक्षर किस भाषा का रूप है ?

प्रश्न.5. मेंसोपोटामिंया सभ्यता की दो विशेषताएँ बताइये।

अथवा

वार्को शीर्ष को संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न.6. प्राइमेट से क्या अभिप्राय हैं।

अथवा

सेन्ट आगस्टाइन के विषय में संक्षेप में लिखिए ?

प्रश्न.7. सामन्तवाद से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

अब्बासी क्रांति क्या है ?

प्रश्न.8. "टीथ" एवं "फीफ" शब्दों को परिभाषित कीजिए।

अथवा

नेटिव शब्द से क्या तात्पर्य है।

प्रश्न.9. कीलांकर लिपि की कोई तीन विशंषताएँ बतलाइये।

अथवा

ईस्लाम के लिए मक्का का महत्व बताइये।

प्रश्न.10. शहरीकरण की विशेषता बताइये।

अथवा

मेंसोपेटामिंया संस्कृति में शहरों का महत्व बताइयें।

प्रश्न.11. नहर और रेल्वे परिवहन के सापेक्षिक लाभ क्या हैं ?

अथवा

ब्रिटेन में स्त्रियों के भिन्न वर्गों के जीवन पर औद्योगिक क्रांति का क्या प्रभ्रव पड़ा ?

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न.12. पैपाइरस पौधे के विषय में लिखिए तथा इसका उपयोग बताइये।

अथवा

फ्रैंकिन्सेस का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न.13. कागज, गेनिजा अभिलेख तथा इतिहास के विषय में संक्षेप में लिखिए।

अथवा

रोमन साम्राज्य के वास्तुकलात्मक रूपों से इस्लामी वास्तुकलात्मक रूप कैसे भिन्न थे ?

प्रश्न.14. फ्रांस के प्रारंभिक सामंती समाज के दो लक्षणों का वर्णन करें।

अथवा

फ्रांस में अभिजात वर्ग की दशा का वर्णन करें।

प्रश्न.15. नाइट कौन थे? उनकी जीवन शैली पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

एबी एवं उसमें रहने वाले भिक्षुओं के जीवन पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

प्रश्न.16. हद्ज़ा जनजाति के रहन–सहन, खान–पान, निवास का विस्तार से वर्णन करें।

अथवा

किन पुरानी कहानियों से मेसोपोटामिया की झलक मिलती है ?

प्रश्न.17. दिए गये विश्व मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाइये।

रोम, इराक, मक्का, गजनी

अथवा

दिए गये विश्व मानचित्रों में निम्न स्थानों को दर्शाइये।

कुस्तुनतुनिया, फरात नदी, सहारा मरूस्थल, लाल सागर

प्रश्न.18. यह कहना क्यों सही होगा की खानाबदोश पशुचारक निश्चित रूप से शहरी जीवन के लिए खतरा थे ?

अथवा

यदि आप रोम साम्राज्य में रहे होते तो कहाँ रहना पसंद करते– नगरों में या ग्रामीण क्षेत्र में ? कारण बताइयें।

प्रश्न.19. अगर सम्राट भारत पर विजय प्राप्त करने में वास्तव में सफल रहे होते और रोमवासियों का इस देश पर अनेक सदियों तक कब्जा रहा होता। क्या आप सोचते है कि भारत वर्तमान समय के देश से किस प्रकार भिन्न होता है ?

अथवा

सातवी शताब्दी के आरंभिक दशकों में बेदुइयों के जीवन की क्या विशेषताएँ थी ?

प्रश्न.20. फ्रांस के सर्फ और रोम के दासों के जीवन की दशा की तुलना कीजिए ?

अथवा

मानवतावादी विचारों के क्या अभिलक्षण थे ?

प्रश्न.21. चौदहवीं और पन्द्रहवी शताब्दियों में यूनानी और रोमन संस्कृति के किन तत्वों को पुनर्जीवित किया गया ?

अथवा

मानवता वादी विचारों का अनुभव सबसे पहले इतालवी शहरों में क्यों हुआ ?

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com